# फ़ीफा (फुटबॉल) विश्व कप विजेताओ के नाम, आयोजन वर्ष एवं मेजबान देशों की सूची: (1930-2018)

**फ़ीफा (फुटबॉल) विश्व कप विजेताओ की सूची:**

फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (Federation Internationale de Football Association) यानि फीफा द्वारा हर 04 वर्ष में फुटबॉल विश्व कप का आयोजन कराया जाता है, इसका मुख्यालय स्विटजरलैण्ड में है। यह 32 देशों के पुरुषों की राष्ट्रीय टीमों द्वारा खेली जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता है। इस टूर्नामेंट की मौजूदा विजेता रूस में आयोजित फीफा विश्व कप 2018 जीतने वाली फ्रांस है।

**फ़ीफा विश्व कप का संक्षिप्त विवरण:**

| | |
|---|---|
| **आयोजक** | फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) |
| **स्थापना** | 1930 |
| **कुल दल (टीम)** | 32 (वर्तमान में) |
| **वर्तमान विजेता** | फ्रांस (2018) |
| **सबसे सफल टीम** | ब्राज़ील (5 खिताब) |

**फ़ीफा (फुटबॉल) विश्व कप का इतिहास: (**FIFA World Cup History )

प्रत्येक 4 साल बाद खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1930 में हुई थी। साल 1930 के पहले संस्करण में मेजबान देश उरुग्वे ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर पहला फीफा विश्व कप का खिताब जीता था। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण साल 1942 और 1946 में इस टूर्नामेंट आयोजन नहीं किया जा सका था। 1934 से 1978 तक इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती थीं। लेकिन 1938 और 1950 में क्रमशः 15 और 13 टीमों ने हिस्सा लिया। 1982 में हिस्सा लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ाकर 24 कर दी गयी। जबकि 1998 में टूर्नामेंट में 32 टीमों के खेलने की अनुमति दी गयी।

वर्ष 1930 से अब तक (2018) 20 बार फ़ीफा विश्व कप टूर्नामेंट का आयोजन किया जा चुका है। फ़ीफा विश्व कप को सबसे ज्यादा 5 बार ब्राजील ने जीता है और वह हर टूर्नामेंट में भाग लेने वाली एकलौती टीम है। इस ख़िताब को इटली (4), जर्मनी (4), अर्जेंटीना (2) और उरुग्वे (2) जीत

चुका है। अर्जेंटीना, उरुग्वे, इंग्लैंड और स्पेन ने एक-एक बार इस ख़िताब को जीता है। वहीं नीदरलैंड्स तीन बार फाइनल मुकाबले में जगह बनाकर भी खिताब जीतने में नाकाम रहा है।

विश्व कप में दुनिया के सबसे व्यापक रूप से देखी जाने वाली खेल की घटनाओं में से एक है, एक अनुमान के अनुसार 71,51,00,000 लोगों ने जर्मनी में आयोजित 2006 फीफा विश्व कप का फाइनल मैच देखा था।

**फीफा विश्व कप 2018 के बारे में जानकारी**:

फीफा विश्व कप 2018 के 21वें संस्करण का आयोजन 14 जून से लेकर 15 जुलाई तक रूस किया था। वर्ष 2018 में 31 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया था। फ्रांस की टीम ने 15 जुलाई को मॉस्को के लुजिन्हकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में क्रोएशिया को 4-2 से हराकर फीफा विश्व कप 2018 का खिताब अपने नाम कर लिया। फ्रांस ने फुटबॉल इतिहास में दूसरी बार विश्व कप का खिताब जीता। इससे पहले वह साल 1998 में पहली बार चैंपियन बना था। फ्रांस अब उरुग्वे और अर्जेंटीना के बाद दो विश्व कप जीतने वाला तीसरा देश बन गया है। इस टूर्नामेंट में बेल्जियम के थियाबाउट कोरटूइस को गोल्डन ग्लव्स का अवॉर्ड मिला। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन को गोल्डन बूट अवॉर्ड मिला। केन ने इस विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल 06 गोल दागे थे। क्रोएशिया के कप्तान लुका मोड्रिक फीफा वर्ल्ड कप 2018 में गोल्डन बॉल के विजेता बने। फ्रांस के कायलिन मबापे को फीफा यंग प्लेयर ऑफ द वर्ल्ड कप खिताब से नवाजा गया, उन्होंने टूर्नामेंट में चार गोल किए थे।

**फ़ीफा विश्व कप विजेताओ की सूची (**1930-2018):

| **आयोजन वर्ष** | **मेजबान देश** | **विजेता** | **उपविजेता** |
|---|---|---|---|
| 2022 | कतर (अनुसूचित) | – | – |
| 2018 | रूस | फ्रांस | क्रोएशिया |
| 2014 | ब्राज़ील | जर्मनी | अर्जेंटीना |
| 2010 | दक्षिण अफ्रीका | स्पेन | नीदरलैंड |
| 2006 | जर्मनी | इटली | फ़्राँस |
| 2002 | दक्षिण कोरिया, जापान | ब्राज़ील | जर्मनी |
| 1998 | फ़्राँस | फ़्राँस | ब्राज़ील |
| 1994 | संयुक्त राज्य अमेरिका | ब्राज़ील | इटली |
| 1990 | इटली | पश्चिमी जर्मनी | अर्जेंटीना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1986 | मेक्सिको | अर्जेंटीना | पश्चिमी जर्मनी |
| 1982 | स्पेन | इटली | पश्चिमी जर्मनी |
| 1978 | अर्जेंटीना | अर्जेंटीना | नीदरलैंड |
| 1974 | पश्चिमी जर्मनी | पश्चिमी जर्मनी | नीदरलैंड |
| 1970 | मेक्सिको | ब्राज़ील | इटली |
| 1966 | इंग्लैंड | इंग्लैंड | पश्चिमी जर्मनी |
| 1962 | चिली | ब्राज़ील | चेकोस्लोवाकिया |
| 1958 | स्वीडन | ब्राज़ील | स्वीडन |
| 1954 | स्विट्ज़रलैण्ड | पश्चिमी जर्मनी | हंगरी |
| 1950 | ब्राज़ील | उरुग्वे | ब्राज़ील |
| 1946 | रद्द (2 विश्व युद्ध) | – | – |
| 1942 | रद्द (2 विश्व युद्ध) | – | – |
| 1938 | फ्रांस | इटली | हंगरी |
| 1934 | इटली | इटली | चेकोस्लोवाकिया |
| 1930 | उरुग्वे | उरुग्वे | अर्जेंटीना |